# नगर निगम, मुरादाबाद।

ई–पत्रिका

दिसम्बर–जनवरी 2017



www. moradabadnagarnigam.in

स्वच्छ मुरादाबाद।

सुन्दर मुरादाबाद।

# नागरिका

## *मासिक ई–पत्रिका*

**प्रधान सम्पादक**
संजय कुमार सिंह
(नगर आयुक्त)

**सहायक सम्पादक**
त्रिलोक नाथ मिश्रा
(प्रभारी स्मार्ट सिटी/लेखाकार/
उपप्रभारी कम्प्यूटराईजेशन)

**संयोजक मण्डल**
डा0 अनिल कुमार गुप्ता
(वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी)

लक्ष्मी नारायण सिंह सागर
(मुख्य अभियन्ता/अपर नगर आयुक्त)

अवधेश कुमार
(मुख्य कर निर्धारण अधिकारी)

डा0 गीता कुमारी
(लेखाधिकारी)

रमेश कुमार पाल
(पर्यावरण अभियन्ता)

संकलन
शुभम कौशिक
(कम्प्यूटर आपरेटर)

पृष्ठ सज्जा/छायांकन
जौनी त्यागी
कम्प्यूटर आपरेटर।

ई–पत्रिका के सम्बन्ध मे किसी भी प्रकार का सुझाव moradabadnagarnigam@gmail.com या moradabadsmartcity@gmail.com पर ई–मेल किया जा सकता है।

स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत स्मार्ट सिटी राउन्ड–3 प्रारम्भ हो चुका है। इसके अन्तर्गत दिनांक 31.03.2017 तक नगर का स्मार्ट सिटी प्रपोजल तैयार कर भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाना है। इसके लिये दिनांक 20.03.2017 तक नगर का स्मार्ट सिटी प्रपोजल राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत होगा। स्मार्ट सिटी प्रपोजल तैयार करने का कार्य इस बार दारासा प्रा0लि0 नामक एजेन्सी को को दिया गया है। इस एजेन्सी के प्रतिनिधियो द्वारा प्रपोजल पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अर्न्तगत सर्वप्रथम राउन्ड'–2 के प्रपोजल मे कमियों का विश्लेषण किया गया तथा यह कमियां नागरकिो की खुली बहस के लिये जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राउन्ड–1 एवं राउन्ड–2 की भातिं राउन्ड–3 मे भी समस्त प्रपोजल जनता के सुझाव के आधार पर ही तैयार किया जाना है। जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये नगर निगम ने अनेक प्लेटफार्म उपलब्ध कराये है। जिसमे से नगर निगम की ई–मेल आईडी smart moradabad city @gmail.com, फेसबुक पेज smar-city-moradabad, ट्वीटर एकाउन्ट smart city moradabad एवं व्हाटसएप ग्रुप भी बनाया गया है। जिसका सदस्य बनने के लिये कृपया मोबाईल नम्बर 8192802503 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जनसहभागिता का एक शसक्त माध्यम केन्द्र सरकार द्वारा भी उपलब्ध कराया गया है। केन्द्र सरकार की बैबसाईट Mygov.in पर भी अपने सुझाव विभिन्न माध्यम से यथा डिस्कसन, पॉल, ब्लोग आदि के माध्यम से प्रदान किये जा सकते है। इस वेबसाइट को एक्सिस करने के निम्नलिखित तरीके है :–

1. सर्वप्रथम वेबसाइट Mygov.in लाग इन कीजिये।
2. वेबसाइट खुलते ही register आप्सन पर क्लिक कीजिये।
3. रिक्त स्थानो को भरे। इसमें आपका नाम, ई–मेल आईडी, मोबाईल नम्बर, लिंग, देश तथा जन्म तिथि सम्बन्धित जानकारियां भरी जानी है।
4. इसके पश्चात creat new account आप्सन पर क्लिक कीजिये। इसके तत्काल पश्चात आपके मोबाईल नम्बर तथा ई–मेल पर एक OTP आयेगा। इसे OTP कालम मे भरें तथा creat new account पर क्लिक कीजिये।
5. इस प्रकिया के पूर्ण होते ही आपके मोबाईल पर एक पासवर्ड आ जायेगा। इस पासवर्ड और अपनी ई–मेल आइडी को लाग इन करने के लिये प्रयोग करें।
6. लाग इन होते ही Discuss बार दिखाई पडेगा जिसे क्लिक करते ही कई नगरो के आकन दिखाई पडेंगे उसमे से एक Smart city Moradabad का आप्सन होगा। इसे क्लिक कीजिये। यहां नगर के पुराने स्मार्ट सिटी प्रपोजन से सम्बन्धित जानकारियां उपलब्ध है। साथ ही Discuss का आप्सन उपलब्ध है।
7. कृपया Comment Box मे जाकर अपने सुझाव अंकित करे। इस प्रकार आपका डिस्कसन पूर्ण हुआ।
8. एक बार लाग इन होने के पश्चात आप इच्छा अनुसार चाहें जितने सुझाव हमे प्रदान कर सकते है अथवा चर्चा मे भाग ले सकते है।

अतः नगर के सम्मानित नागरिको से अपील की जाती है कि नगर का सर्वोत्तम स्मार्ट सिटी प्रपोजल बनाने के लिये अपने सुझाव द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करे।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 हेतु दिनाक 11–13 जनवरी, 2017 को मुरादाबाद में भारत सरकार की टीम द्वारा महानगर में व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, पब्लिक शौचालय, खुले में शौच वाले क्षेत्रो, सफाई व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट आदि का निरीक्षण किया किया गया।





नगर निगम मुरादाबाद द्वारा महानगर मुरादाबाद में प्रत्येक दिन दो पालियो में प्रथम पाली प्रातः 07 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से सांय 05 बजे तक नालियो की सफाई, नाले/नालियो की सफाई तथा सडको एवं मौहल्लो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

उक्त के अतिरिक्त महानगर के विभिन्न हाईवो पर प्रत्येक दिन हाईवे गैंग द्वारा सफाई की जा रही है, जिसका निरीक्षण वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं पर्यावरण अभियन्ता द्वारा किया जाता है। जनवरी–2017 में महानगर में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा बडे नालो की सफाई कराई गई।

जलकल विभाग, द्वारा जनवरी 2017 मे निम्नलिखित प्रमुख कार्य कराये गये :–

1. लीकेज सम्बन्धी 101 समस्याओ का निस्तारण करा दिया गया है।
2. नग हैण्ड पम्प की मरम्मत करायी गयी।
3. नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 350 नग जल संयोजन नियमित/स्वीकृत किये गये।
4. नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 04 नग नलकूपो पर विधुत /यान्त्रिकी कार्य कराया गया।
5. नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 4200 मीटर पाईप लाईन डाली गयी।



इसके अतिरिक्त जलकल विभाग द्वारा कार्यालय मे प्राप्त शिकायतो का भी निस्तारण कराया गया। प्राप्त शिकायतो एवं उनके निस्तारण की स्थिति को निम्नलिखित तालिका मे अंकित आकडों के माध्यम से समझा जा सकता है :–

| शिकायत का विवरण | प्राप्त | निस्तारित | अनिस्तारित |
|---|---|---|---|
| हैण्ड पम्प से सम्बन्धित | 49 | 22 | 27 |
| पाईप लाईन से सम्बन्धित | 128 | 101 | 27 |

नगर के 18 ग्रामीण वार्डो के 42 मजरों में जहां प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, उन ग्रामों में एनर्जी सेविंग 65 वॉट फिटिंग प्रकाश बिन्दुओं को स्थापित कर प्रकाश व्यवस्था की गयी। नगर के शेष 52 वार्डो के मोहल्ले, कालौनियों एवं मलिन बस्तियों में भी रिक्त पोलो पर एवं जीर्ण–क्षीर्ण/अधिक ऊर्जा की खपत वाले प्रकाश बिन्दुओं के स्थान पर एनर्जी सेविंग प्रकाश बिन्दुओं के स्थापन का कार्य कराकर लगभग 60 प्रतिशत ऊर्जा की बचत की गयी। दिल्ली रोड, राष्ट्रीय राज्यमार्ग (लोकोशेड पुल से इम्पीरियल तिराहे तक एवं मण्डलायुक्त निवास मार्ग, पीलीकोठी चौराहे से गुरहटटी तक) प्रकाश बिन्दुओं में एकरूपता लाये जाने एवं प्रकाश व्यवस्था को सुद्रढ़ व सुन्दर बनाये रखने हेतु ऑक्टैग्नल पोल, वायर आदि लगाकर प्रकाश बिन्दुओं को स्थापित किया गया। जामा मस्जिद पुल एवं आर0टी0ओ0 आफिस तिराहे से गांगन पुलतक प्रकाश बिन्दुओ मे एकरूपता लाने एवं प्रकाश व्यवस्था को सुद्रढ़ व सुन्दर बनाये रखने हेतु ऑक्टैग्नल पोल, वायर एवं एल0ई0डी0 लाईट लगाकर प्रकाश बिन्दुओं को स्थापित किया गया। जिगर कालौनी के मुख्य मार्गो पर अधिक ऊर्जा की खपत वाले पुराने सोडियम 250 वॉट प्रकाश बिन्दुओं के स्थान पर एनर्जी सेविंग प्रकाश बिन्दु 96 वॉट के स्थापन का कार्य कराकर लगभग 60 प्रतिशत ऊर्जा की बचत की गयी। नगर के भीतरी 11 मुख्य मार्गो पर खुशहालपुर रोड, मझौली रोड, पुतलीघर रोड, मकबरा रोड, असालतपुरा रोड, झब्बू का नाला रोड, कमल टाकीज रोड, गोकुलदास रोड, गलशहीद से हाजी नेक मस्जिद रोड, कम्पनी बाग रोड, लाजपतनगर एवं गांधी नगर मार्ग पर रिक्त पोलो पर एवं जीर्ण–क्षीर्ण/अधिक ऊर्जा की खपत वाले प्रकाश बिन्दुओं के स्थान पर एनर्जी सेविंग प्रकाश बिन्दुओं को स्थापित किया गया। जिससे प्रकाश बिन्दुओं में एकरूपता के साथ–साथ लगभग 60 प्रतिशत ऊर्जा की बचत की गयी। नगर के राष्ट्रीय राजमार्गो एवं मुख्य मार्गो पर लगे प्रकाश बिन्दुओं को जलाने–बुझाने हेतु ऑटोमेटिक प्रणाली युक्त लगभग 100 स्विच लगाये गये है, जिनसे नगर के लगभग 8000 प्रकाश बिन्दु एक ही समय पर निर्धारित समय से स्वचलित रूप से प्रकाश बिन्दु जलाये–बुझाये जा रहे है, ताकि अनावश्यक रूप से कोई प्रकाश बिन्दु दिन में न जलता पाया जाये। कटघर कोतवाली से प्रभात माकेट तक एवं हनुमान मूर्ति तिराहे से रामगंगा पुल तक नये 28 पोल, वायर, प्रकाश बिन्दु लगाकर प्रकाश व्यवस्था की गयी। नगर के समस्त 70 वार्डो, राष्ट्रीय राज्यमार्गो जैसे रामपुर रोड, दिल्ली रोड एवं कांठ रोड तथा मलिन बस्तियों में माह नबम्बर 2015 (16 दिसम्बर 2016 से 15 जनवरी 2017 तक) में निम्न प्रकाश बिन्दु मरम्मत किये गये। साथ ही नगर के जीर्ण–क्षीर्ण प्रकाश बिन्दुओं के स्थान एवं जिन पर 200 वॉट के बल्ब लगे है उन पोलो पर नये प्रकाश बिन्दु स्थापित कर प्रकाश व्यवस्था की गयी।

| क्र0 सं0 | प्रकाश बिन्दु का प्रकार | मरम्मत किये गये प्रकाश बिन्दु की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ट्यूब फिटिंग 40 वॉट | 995 |
| 2. | एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 65 वॉट | 560 |
| 3. | सोडियम फिटिंग 70 वॉट | 465 |
| 4. | सोडियम फिटिंग 150 वॉट | 495 |
| 5. | सोडियम फिटिंग 250 वॉट | 435 |
| 6. | एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 36 वॉट | 485 |
| 7. | एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 48 वॉट | 580 |
| 8. | हाईमास्ट टावर लाईट 400 वॉट | 180 |
| 9 | स्थापित नये प्रकाश बिन्दु | 21 |

1. दिनांक 12.01.2017 को ग्राम देहरी मुस्तकम की गाटा संख्या– 77 व 82 की पैमाईश करते हुये गाटा संख्या–82 की 970 वर्गमीटर भूमि जो जेरे इन्तजाम नगर निगम मुरादाबाद की है, का चिन्हांकन तहसील की राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा किया गया।
2. दिनांक 17.01.2017 को नगर निगम टाउनहाल के चारो तरफ पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण अभियान चलाया गया।